# विकास कार्यों सभी विभाग गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करायें

■ जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए नगर निगम एवं जिले की सभी नगरपालिकाओं में वर्षा पूर्व नाला सफाई एवं जलभराव क्षेत्रों में जल निकासी की समूचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**भरतपुर (निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि विकास कार्यों को गति देते हुए सभी विभाग गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करायें। जनहित के कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित आवश्यकताओं का आकलन कर विभागीय स्तर पर प्रस्ताव भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे आने वाले समय में कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृत किया जा सके। जिला कलेक्टर सोमवार को विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य, फ्लाईओवर एवं आरओबी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित ऐजेन्सी समय-समय पर निरीक्षण के साथ अधिकारियों को जिम्मेदारी भी दें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन लिंक रोड के प्रस्ताव तैयार कर सम्बंधित विभागों से समन्वय करते हुए राज्य सरकार को मांग भिजवायें जिससे स्वीकृति मिल सके।

उन्होंने शहरी क्षेत्रों में सड़कों की श्रेणी तय करते हुए भारी एवं मालवाहक वाहनों का भीडभाड वाले क्षेत्रों में प्रवेश निषेध करने तथा नवीन सड़क निर्माण के समय सम्बंधित विभागों से समन्वय करते हुए पेयजल, विद्युत, सीवरेज एवं इंटरनेट सम्बंधी कार्यों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रमुख सड़कों में निर्माण के समय ही आवश्यक मूलभूत सुविधाएं साथ में विकसित की जायें जिससे सड़क को बार-बार खोदने की आवश्यकता नहीं हो। जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए नगर निगम एवं जिले की सभी नगरपालिकाओं में वर्षा पूर्व नाला सफाई एवं जलभराव क्षेत्रों में जल निकासी की समूचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में चल रहे ऐतिहासिक कुण्ड एवं जलस्त्रोतों के जीर्णोद्धार कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराया जाये। उन्होंने सीएफसीडी के निर्माण कार्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए कुम्हेर गेट से जघीना गेट तथा आगे तक के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए जिससे बरसात के समय परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने फोरेस्ट डायवर्जन के कारण लम्बित सड़क निर्माण के 7 प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृत कराने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों को समन्वित रूप से मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में बिना अनुमति भवन निर्माण एवं नालों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाये। जिला कलक्टर ने चिकित्सा संस्थानों में मौसमी बीमारियों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्थाएं रखने, घर-घर नल योजना के पेयजल कनेक्शनों को गति देने, विद्युत कनेक्शन के लम्बित आवेदनों को शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जहां आमजन की आवाजाही अधिक रहती है वहां शौचालय के प्रस्ताव तैयार कर बनवाये जायें। उन्होंने डीओआईटी को फाईबर केबिल डालने के कार्य को शीघ्रता से करते हुए सभी विभागों में फाईबर कनेक्शन देने के साथ शहर में प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर विकास न्यास के सचिव ऋषभ मण्डल, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन नीरज कुमार मीना, एसीईओ जिला परिषद शैलेन्द्र सिंह, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, अधीक्षण अभियंता जलदाय मनोहर सिंह, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. खुशीराम मीना सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अटल बंध थाने का औचक निरीक्षण किया

■ निरीक्षण के दौरान थानेमें पुलिसकर्मियों की मौजूद की न होने पर नाराजगी जाहिर की

**भरतपुर (निस)।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने अटल बंध थाने का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्य प्रणाली को जानते हुए थाने का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान थाने में पुलिसकर्मियों की मौजूद की न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरीके से आमजन को कैसे विश्वास दिलाया जाएगा की पुलिस उनके साथ है। उन्होंने साथ ही थाने में रोजनामचा सहित अन्य मुद्दों को लेकर बारीकी से निरीक्षण किया। सूचना मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी भी अटल बंध थाने पहुंचे। लेकिन जब तक गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम थाने का पूरी तरह निरीक्षण कर चुके थे इस दौरान उनके साथ एडीएम सिटी श्वेता यादव, तहसीलदार मौजूद रहे। तहसीलदार ने फोन कर पुलिस अधिकारियों को सूचना दी कि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम थाने का औचक निरीक्षण करने आए हैं। थानों में नफरी और संसाधनों की कमी को लेकर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि पुलिस को संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नफरी की कमी को लेकर बात है उसका भी समाधान कराया जाएगा। लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता है कि आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर के स्लोगन को किस तरह साकार किया जाए यह उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में पुलिस की हालत इस तरह हो गई थी कि आये दिन पुलिस पर हमले होते थे।

भरतपुर और डीग जिले में पुलिस हर तीसरे दिन अपराधियों से पिटती हुई नजर आती थी। ऐसे में अब उस व्यवस्था को सुधारने का लगातार प्रयास किया जा रहा है और पुलिस को मजबूती प्रदान की जा रही है।

## सार-समाचार

### लोगों को मिली हीटवेव से राहत

**गंगापुर सिटी।** भीषण गर्मी व उमस से परेशान लोगो को सोमवार की शाम आई बरसात से राहत मिली। गंगापुर सिटी में सोमवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर को आसमान में धूल भरी आंधी छा गई। जिसके कारण आसमान पूरी तरह से मटमैला दिखाई दिया। धूल के गुबार से आसमान मटमैला हो गया। बाद में आसमान में काली घटाएं छा गई और इसके बाद रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश से तापमान में गिरावट आने से मौसम खुशनुमा हो गया। साथ ही लोगों को गर्मी से राहत मिली। गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित सभी ग्रामीणों इलाकों में गुरुवार को करीब डेढ बजे एकाएक मौसम बदल गया। करीब 2० से 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली। जो करीब पौन घंटे तक चलती रही। इस दौरान यहां आसमान में धूल का गुबार छा गया। साथ ही आसमान भी मटमैला हो गया। आंधी की वजह से जिले के कई इलाकों में पेड भी धराशाही हो गए। वहीं इस दौरान कई जगहों पर बिजली के तार टूटने से बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। इसके करीब पौन घंटे बाद आसमान में बादल छा गए और देखते ही देखते रिमझिम बारिश आने लगी। गंगापुर सिटी में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। अंधड के बाद रिमझिम फुहारे आने के बाद शाम करीब 5.15 बजे तक तापमान 4 डिग्री गिरकर 34 डिग्री पर आ गया। ऐसे में सोमबार को आंधी और रिमझिम फुहारों से पिछले कई दिनों से पड रही भीषण गर्मी और हीटवेव से आमजन को राहत मिली।

### सेटलमेंट मेगा कैंप का आयोजन

**भरतपुर (निस)।** ग्रामीण एवं विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वाधान में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर द्वारा आज आरसेटी परिसर में क्रेडिट लिंकेज एवं सेटलमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कि 35 प्रशिक्षण प्राप्त युवक युवतियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नीतिराज शेखावत अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक (एएसपी) यातायात एवं साइबर भरतपुर, पीएनबी मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार, पीएनबी प्रेरणा अध्यक्षा शुभी शर्मा, उपमंडल प्रमुख हरिमोहन मीना, सहायक महाप्रबंधक आर.एम. गुप्ता, आरसेटी निदेशक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीपप्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नीतिराज शेखावत अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक(एएसपी) यातायात एवं साइबर भरतपुर एवं पीएनबी मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार का स्वागत पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। नीतिराज शेखावत एएसपी नेयातायात एवं साइबर क्राइम अपराध गतिविधियों के बारे मे जानकारी देते हुए साइबर ठगो के द्वारा अपनाये जाने वाले साइबर क्राइम तरीको जैसे मोबाइल पर ओटीपी, मोबाइल पर लिंक के माध्यम से साइबर अपराध किया जाता है, किसी को भीओटीपी शेयर ना करे, किसी भी प्रकार के लिंक पर क्लीक नही करना चाहिए, सभी को यातायात नियमो की पालना करनी चाहिए एवं हेलमेंट पहनना,कार में बेठे सभी को सीट बेल्ट लगाना ओर, वाहन को निर्धारित स्पीड मे चलाना आदि की सलाह दी गयी। पीएनबी मण्डल प्रमुख श्री प्रमोद कुमार ने बैंकों से सम्बधित जानकारी बताई गई कि किस प्रकार बैकों के आधुनिक तरीकों का प्रयोग किया जा सकता है।

### स्मृति दिवस मनाया

**भरतपुर (निस)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से विश्व शांति भवन भरतपुर सेवा केंद्र पर संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59 वां पुण्य स्मृति दिवस को आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज भारद्वाज, भाजपा, जिला अध्यक्ष भरतपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारीज भरतपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ अर्चना सिँह, प्रोफ़ेसर एमएसजे कॉलेज भरतपुर, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बबीता दीदी, सह प्रभारी भरतपुर, प्रभारी सेवाकेंद्र रूपवास, ब्रह्माकुमारी प्रवीणा बहन, जुगल किशोर सैनी, ब्रह्माकुमारी गीता बहन,की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यात्मिक ज्ञान दिवस के अवसर पर मैं अपना सौभाग्य समझता हूँ, माँ तो भगवान का रूप होती है ऐसी अलौकिक माँ को मैं श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ। मातेश्वरी का प्रत्येक कार्य नियम बन गया।

# 'राजस्थान संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करें'

**करौली (नि.स.)।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार समस्त सरकारी कार्यालयों मे ई फाईल, ई डाक एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों का समय सीमा मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उन्होने बैठक मे राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 6 माह से लंबित चल रहे प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण,लोकायुक्त कार्यालय, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरण सहित अन्य प्रकरणों का समय सीमा मे निस्तारण करवाने के निर्देश दिये। उन्होने सीएमएचओं को मौसमी बीमारियों के संबंध मे सतर्क व सक्रिय रहकर कार्य करने एवं चिकित्सालयो मे दवाईयों की पूर्ण उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिये। पीएचईडी के अधिकारी को विगत बैठक मे दिये गये निर्देशों की पालना करने, अवैध कनेक्शनों को काटने, पाईप लाईनों के लीकेज दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

## प्रेस क्रांफ्रेस का आयोजन

**गंगापुर सिटी।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धन सिंह मावई के नेतृत्व में जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कांग्रेस पार्टी कि गलत नीतियों के खिलाफ काली पट्टी बांधकर प्रातः 11 बजे प्रदर्शन कर प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रेस क्रांफ्रेस का आयोजन किया जायेगा।

## रिमझिमी बारिश से बड़ी उमस

**करौली (नि.स.)।** करौली जिला मुख्यालय पर कई दिनो से पढ़ रही तेज धूप और भीषण गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल हो रहा है वहीं सोमवार को सायकाल बदले मौसम के मिजाज से हुई बूंदाबांदी से उमस बढ़ गई। बीते माह से करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हीट बेव के बाद गर्मी पूरे परवान पर चल रही है रविवार को भी मौसम ने पलटा खाया और आकाशीय गर्जना के साथ धने काले बादल छाए लेकिन एक भी बूंद बारिश नहीं हुई सोमवार को दिनभर तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान दिखे बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा शाम 5:00 बजे अचानक मौसम ने पलटा खाया और आकाशीय गर्जना के साथ रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ रुक-रुक कर हो रही बारिश से उमष बढ़ गई और लोग पसीने से तर बतर दिखाई दिए।

# सभापति ने किया बडे नाले का निरिक्षण

■ नाले की सफाई जल्द से जल्द हो जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी ना आए

■ सफाई का काम तेजी से शुरू होगा

**गंगापुर सिटी।** शहर के मध्य में होकर बहने वाले बडे नाले की सफाई व्यवस्था का सभापति शिवरतन अग्रवाल, पार्षद गीता देवी नरूका ने निरिक्षण किया। इस दौरान नाले में जलभराव न हो इसे लेकर नगर परिषद सभापति ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी के तहत नालों की सफाई का काम तेजी से शुरू हो जाएगा।

सफाई नायकों को निर्देश दिया गया है कि नालों में कचरा जमा न होने दें। जो भी नालों में कचरा फेंके, उन्हें चिह्नित कर नोटिस दिया जाए। बरसात के पहले सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा। सभापति शिवरतन अग्रवाल का कहना है कि नहर रोड बाबा श्याम का मन्दिर गंगापुर की आस्था का केन्द्र यहां पर गंगापुर ही नहीं बाहर के श्रद्धालु भी दर्शन के लिए आते हैं।

इसलिए इस नाले की सफाई जल्द से जल्द हो जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी ना आए। हालांकि नाला सफाई की टीम बना दी गई है।

जो अपने अपने क्षेत्रों में सफाई के अलावा नालों की सफाई का काम भी विशेष रुप से करेगी जो लोग अभी भी नालों में कचरा व गंदगी फेंक रहे है, ऐसे लोगों को चिह्नित कर उचित कार्यवाही करे। साथ ही नालों में जो पानी ओवरफ्लो होगा उसे पाइपों के माध्यम से नहर में छोडा जाएगा। इस अवसर पर प्राइवेट बस यूनियन के अध्यक्ष दीपक नरूका, सफाई निरीक्षक पिंटू मीना एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## शरवत का वितरण किया

**भरतपुर (निस)।** खिरनी घाट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधा दामोदर जी महाराज पर आज ठण्डे शरवत का वितरण किया गया। मंदिर के सेवारत पुजारी गनपत शर्मा ने बताया कि श्री राधा दामोदर दास जी महाराज की पूजा अर्चना कर महाआरती की तथा भीषण गर्मी में आज मीठे शरवत का वितरण किया गया जिसको राहगीरों व मंदिर के भक्तों ने बडी संख्या में पीया व गर्मी में प्यास बुझाई व आनन्द महसूस किया। पं0 गनपत शर्मा ने कहा कि श्री राधा दामोदर जी महाराज का भरतपुर में संभवतः एक ही मंदिर है जो कि करीब 200 साल पुराना है। पूरे कीर्तिक मास में राधा जी का नाम राईजी के नाम से जाना जाता है । प्रातःकाल में महिलाएँ कथा सुनती हैं एवं राधाजी को राई अर्पण की जाती है जिससे सुख शान्ति, उन्नित, मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर समाजसेवी मोहन मित्तल, विष्णु लोहिया, पत्रकार संजीव चीनिया, आलोक बंसल मोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# शोधपत्र का वाचन व काव्य पाठ किया

**गंगापुर सिटी।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी में संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय सचिव रामकेश मीना आदिवासी ने बाली इंडोनेशिया में आई गुस्ती बागस सुग्रीव स्टेट हिंदू यूनिवर्सिटी देनपसार बाली इंडोनेशिया एवं साहित्य संचय शोध संवाद संस्थान दिल्ली (भारत) के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्टीय सेमिनार में भारतीय परम्परा में आदिवासी संस्कृति विषय पर अपना शोधपत्र वाचन किया और देनपसार शहर में इंटरनेशनल डिवाइन लवर्स सोसाइटी परमधाम आश्रम देनपसार इंडोनेशिया द्वारा आयोजित काव्य संध्या में काव्य पाठ किया। संगोष्ठी का आयोजन 14 व 15 जून 2०24 को किया गया। इस आयोजन में संस्कृत साहित्य के अनुरागी शिक्षाविद सह आचार्य रामकेश आदिवासी को बाली इंडोनेशिया वियतनाम की इस अंतरराष्टीय शोध संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुतु करने हेतु आमंत्रित किया गया था। पत्र वाचन के लिये मीना को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा काव्य संध्या में उत्तम काव्य पाठ करने पर परमधाम आश्रम देनपसार इंडोनेशिया के द्वारा इनको गलूगन कल्चरल अवार्ड से भी सम्मानित भी किया गया।

इस दस दिवसीय अकादमिक व शैक्षणिक भ्रमण कार्यत्र्क्रम में मीना द्वारा 13 जून से 18 जून तक इण्डोनेशिया के विभिन्न नगरो यथा बाली, कुटा, देनपसार, कुबु, बेनोआ, तुबान का भ्रमण कर वहा की साहित्यिक, सांस्कृतिक धार्मिक पृष्ठभूमि की गवेषणा की। कुटा प्रदेश के उलुवात में स्थित विश्व प्रसिद्ध हिंदू समुंदरी मंदिर उलुवातु में विशुद्ध हिन्दु परम्परा पर आधारित केचक डान्स जो कि श्री राम के चरित्रांकन पर आधारित है को देखा तथा तम्बपक श्रृंगी में तिरथा इम्पुल भारतीय संस्कृति पर आधारित मन्दिर के दर्शन किये।

शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत वियतनाम देश का भी तीन दिवसीय भ्रमण किया गया और वहा बाऊ तेंग चुंग के वार रिमेन्ट म्यूजियम व हो ची मिन्ह सिटी में प्रेसीडेन्ट स्टेच्यू व माई थो में स्थित तंग रिवर और त्रा मत ओंग डेल्टा का अवलोकन किया। इससे पूर्व आदिवासी सेमिनारों में पत्रवाचन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके है

## कॉलोनियां हुई जल मग्न

**भरतपुर (निस)।** शहर में मानसून पूर्व की पहली बारिश ने ही नगर निगम की नालों की सफाई के अभियान की पोल खोलकर रख दी। पहली बारिश में ही शहर की कई कॉलोनियों घंटों तक जलमग्न बनी रहीं। कई कॉलोनियों में तो दो दो फिट तक पानी खडा हो गया। जिसके चलते कई कॉलोनियों के घरों में भी गंदा पानी घुास गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। नगर निगम के द्वारा लाखों रूपये नालों की सफाई के नाम पर खर्च किए गए हैं। लेकिन इसका आम जनता को लाभ मिलता नहीं दिखाई दिया। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। मोहन पब्लिक स्कूल के पास, जवाहर नगर भरतपुर वार्ड नं 43 एवम वार्ड नं 44 के मध्य वाला रोड पर पहली बारिश में ही हाल खराब हो गए। पांच साल में एक बार भी नालियों की सफाई नहीं हुई।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**

राजकीय जनान चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग, भरतपुर-321001 (राजस्थान)

क्रमांक/ /2024-25/614 दिनांकः 21.06.2024

**निविदा सूचना सं. 01,02/2024-25**

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खण्ड भरतपुर द्वारा स्टेशनरी क्रय करने हेतु एवं कार्यालय उपयोग हेतु फोटोकॉपी एवं प्रिन्टिंग कार्य करने बाबत पंजीकृत फर्मों से दिनांक 27-06-2024 दोपहर 1 बजे तक निविदाऐं आमंत्रित की जाती ह। निविदा फार्म SPPP पोर्टल से डाउन लोड किया जा सकता है।

निविदा संख्या 01/2024 UBN no is MHS2425GSLB00761

निविदा संख्या 02/2024 UBN no is MHS2425SSLB00762

(एल.के. अग्रवाल)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

**महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर**

कार्यालय - चक सकीतरा, कुम्हेर, जिला डीग- 321201

Email- info@msbrijuniversity.ac.in Website - www.msbrijuniversity.ac.in

क्रमांक : मसूबृवि/भण्डार/2024/713 दिनांक : 26.06.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना - 06**

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय चक सकीतरा कुम्हेर, भरतपुर में निम्नांकित कार्य हेतु टेन्ट संबंधी कार्य करने वाली राज्य सरकार/राजकीय उपक्रम/स्वायत्तशासी निकाय में कम से कम बी श्रेणी में रजिस्टर्ड अनुभवी फर्मो से जिसका स्वयं का टेन्ट व्यवसाय एवं पर्याप्त संसाधन हो से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in व http:// eproc.rajasthan.gov.in पर देख सकते है।

| Name of Work Package Nos. | Estimated Cost | Earnest Money | RISL Processing Fee | Tender Cost | Last Date for Bid Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय में दिनांक 05.07.2024 को आयोजित होने वाले 4th दीक्षान्त समारोह हेतु स्टेज, सिटिंग एरिया में डोम पांडाल, कुर्सिया, सोफा, सजावट एवं विद्युत व्यवस्था आदि का कार्य | Rs. 2485060/- | Rs. 49701/- | Rs. 500/- | Rs. 1000/- | 29.06.2024 01.00 PM |

1. The Tender fee, processing fee and earnest money as mentioned above should be deposited in the appropriate from as per the tender documents in favour of Registrar office at MSBU, Chak Sakitara, Kumher, Bharatpur.

NIT 06
NIB code BUB2425A0008
UBN is: BUB2425GLOB00017

Registrar

# श्याम सुन्दर बने अध्यक्ष

**भरतपुर (निस)।** श्री बांके बिहारी प्रसाद वितरण समिति की आमसभा की बैठक त्रिमूर्ति गार्डन मैरिज होम में आयोजित की गई जिसमें संस्था के द्विवार्षिक चुनाव भी सम्पन्न कराये गये। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी से.नि. उप निदेशक शिक्षा विभाग ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध सर्व सम्मति से हुआ।

जिसमें शिवचरन सिंघल को संरक्षक, श्याम सुन्दर कटारा को अध्यक्ष, रामस्वरूप गुप्ता एडवोकेट व रामगोपाल सैनी एडवोकेट को उपाध्यक्ष, संजय गुप्ता को मंत्री, सुरेश कुमार माथुर व्याख्याता को उप मंत्री, मोहित कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, सीए एम.एल. मित्तल को अंकेक्षक, परशुराम पचोरी को व्यवस्थापक, डॉ. जगमोहन नीदरवाल को संकीर्तन का संयोजक एवं मुनेन्द्र कुमार शर्मा को उत्सव प्रभारी, नरेन्द्र कुमार यादव को भंडार प्रभारी, भूप सिंह जादौन, बल्देव प्रसाद शर्मा, राकेश कुमार खंडेलवाल को कार्यक्रम संयोजक के रूप में मनोनीत किया गया। इस प्रकार कुल 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी को चुनाव अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पूर्व संस्था की आमसभा की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पेंशनर समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष डोरीलाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्याम सुन्दर कटारा ने की।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा आराध्य देव श्री बांके बिहारी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर सभा का शुभारम्भ किया। जिसमें गत मीटिंग की कार्यवाही को पढकर सुनाया व सर्व सम्मति से पुष्टि की गई। उपाध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता द्वारा प्रतिवेदन पढकर सुनाया। अध्यक्ष श्याम सुन्दर कटारा द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं सत्र 2024-25 का अनुमानित बजट पेश किया गया। संस्था के हित में निस्वार्थ एवं समर्पण भाव से निरंतर सहयोग करने वाले सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ताओं और भामाशाहों के रूप में सीए एम.एल.मित्तल, बल्देव प्रसाद शर्मा, डॉ. धनेश चंद शर्मा, महेश चंद गर्ग, महेशचंद शर्मा का प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिंह, पटका एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डोरी लाल शर्मा ने कहा कि प्रसाद वितरण कमेटी वालों को धन्य है जोकि सर्दी, गर्मी, बरसात में बारह महीने प्रतिदिन सुबह 3 बजे जाकर दिनचर्या से निवृत होकर 4 बजे मंदिर पहुॅचकर प्रतिदिन 2 घंटे प्रसाद बांटते हैं, यह एक धार्मिक एवं पवित्र कार्य तो है ही साथ ही भक्तजन की निस्वार्थ एवं सराहनीय सेवा है।

